सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 26 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आईआईएमयूएन द्वारा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के युवाओं ने प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल से कई विषयों पर संवाद किया। राज्यपाल ने बच्चों के प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं के जवाब दिए और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आईआईएमयूएन(इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाईट द नेशंस) एक समर्पित युवा छात्रों का संगठन है जिसमें 220 शहरों और 35 देशों के 26,000 से अधिक समर्पित युवा शामिल हैं।

राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और कहा की आप सभी हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा वर्तमान युग में युवा राष्ट्र की एक शक्तिशाली संपत्ति है, जिसमें प्रचुर मात्रा में ऊर्जा और उत्साह है जो समग्र उन्नति के लिए आवश्यक माना जाता है। आज का युवा, राष्ट्र के कल की स्थिति को आकार देता है। इसलिए युवा अवसरों को भुनाकर अपनी शक्ति और क्षमता का उपयोग करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल दोनों में निपुण हों जिससे की राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि देश के युवा छात्र ही विकसित भारत का संकल्प पूरा करेंगे। हमें सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए युवाओं की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का लाभ उठाना चाहिए। विश्व भर में भारत के टैलेंट की भारी संख्या में मांग बढ़ रही है और आने वाले समय में हमारे युवा विश्व में नेतृत्व करेंगे। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने एवं उन्हें अपने दृढ़ संकल्प और आत्मानुशासन से पूरा करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में एडमिरल(रिटायर्ड) आर. के. धोवन, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, आईआईएमयूएन के अतीब इम्तियाज, मितेश विजय, ईशान भारत, भावेश सोलंकी सहित विभिन्न स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

..........0..........